# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

## जनपद ललितपुर में दिनांक–22.06.2026 को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक–22.06.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं, जल निगम की योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार/कैम्प कार्यालय में समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

01. प्रभारी, अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
02. अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, ललितपुर।
03. श्री दीपक कुमार, एस0डी0ओ0 विद्युत विभाग ललितपुर।
04. श्री धीरज कुमार, सहायक अभियंता (SWSM), (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
05. श्री राहुल सिंह, ऐ0ई0, SWSM ललितपुर।
06. श्री आशुतोष श्रीवास्तव, टी0एल0 टी0पी0आई0 ललितपुर।
07. श्री विनय कुमार साहू, डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 ललितपुर।
08. श्री राहुल साहू डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 ललितपुर।
09. श्री दिनेश कुमार, ई0ओ0 नगरपालिका परिषद ललितपुर।

अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे (ग्रामीण) ललितपुर एवं प्रभारी, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर ने अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया कि जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं का क्रियान्वयन 5 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है वर्तमान में सभी 15 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाएं O&M में संचालित हो रही है। सभी योजनाओं में जलापूर्ति की जा रही है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 551 ग्रामों के सापेक्ष 541 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है एवं कुल 538 ग्रामों के रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण हो गया है, शेष 13 ग्रामों का रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण कर दिया जायेगा। अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि कुल 1143 किमी0 के सापेक्ष 1140 किमी0 का रेस्टोरेशन पूर्ण कर लिया गया है, 3 किमी0 रेस्टोरेशन का कार्य शेष है एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा रेस्टोरेशन का कार्य प्रगति पर है।

प्रभारी, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर ने अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के निर्देशानुसार योजनाओं के ग्रामों को जिसमें नियमित जलापूर्ति हो रही है एवं सभी कार्य पूर्ण हो गये है। ऐसे ग्रामों को ग्राम पंचायतों को जल अर्पण दिवस मनाते हुए ग्राम पंचायतों को हस्तान्तरण किया जाना है। वर्तमान में कुल 29 ग्राम पंचायतों का विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जल अर्पण का कार्य सम्पन्न कराया गया है एवं अभिलेखों को पोर्टल पर अपलोड किया गया है। प्रभारी, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर ने यह भी अवगत कराया कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन के निर्देशानुसार सभी ग्राम पंचायतों में जल अर्पण कराना अनिवार्य है। वर्तमान में प्रगति अत्यन्त धीमी है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि जल अर्पण की गतिविधियां बढाएं एवं इस सम्बन्ध में अपनी कार्य योजना शीघ्र प्रस्तुत करें।

प्रभारी, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि भविष्य में योजनाओं के संचालन हेतु नल जल मित्र (Electrician/plumber/mason) के नाम आवश्यक मापदण्ड योग्यता के अनुसार ग्राम पंचायतों द्वारा प्रस्ताव पारित कर प्रस्तुत करना है जो कि अत्यन्त धीमी है। वर्तमान में जिला पंचायत विभाग द्वारा 370 नल जल मित्रों के नाम प्रस्तुत किये गये है एवं 45 ग्राम पंचायतों द्वारा नल जल मित्रों का नाम प्रस्तुत करना शेष है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रभारी, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर को जिला पंचायत अधिकारी से समन्वय स्थापित कर शेष 45 पंचायतों के नल जल मित्रों के नाम प्रस्तुत करने की गति तेज करने हेतु निर्देशित किया।

प्रभारी, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि ग्राम सचिवों द्वारा कुल 367 ग्राम पंचायतों के जल सेवा आंकलन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 55 MOM को पोर्टल पर अपलोड किया गया है। सचिवों द्वारा MOM अपलोड करने का कार्य धीमा है इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी ने प्रभारी, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि सम्बन्धित सहायक अभियंताओं एवं ग्राम सचिवों के बीच समन्वय स्थापित कराकर जल सेवा आंकलन के MOM को पोर्टल पर अपलोड करने की गति तेज करवाएं।

प्रभारी, अधिशासी अभियन्ता उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि कुल 551 ग्रामों के हर घर जल प्रमाणीकरण के सापेक्ष 537 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण सम्बन्धित ग्राम प्रधानों एवं ग्राम सचिवों द्वारा कर दिया गया है एवं शेष 14 ग्रामों के हर घर जल प्रमाणीकरण कराने में कठिनाई हो रही है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रभारी, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर को जिला पंचायत अधिकारी से समन्वय स्थापित कर शेष ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण शीघ्र करायें।

प्रभारी, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में कुल 86 नग स्वतन्त्र विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 82 नग स्वतन्त्र विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है शेष 4 नग विद्युत कनेक्शनों में से 2 नग विद्युत कनेक्शन (दावनी एवं जीरोन) स्वतन्त्र ऊर्जाकृत किया जाना है, 2 निवऊआ एवं बछलापुर CWR कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण यह स्वतन्त्र ऊर्जाकृत नहीं किया जा सकता है, यह टेपिंग से ही ऊर्जाकृत रहेगा। मसौरा-सिंदवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के 01 CWR खजुरिया वर्तमान में टैपिंग (ग्रामीण फीडर) से चलाया जा रहा है। स्वतंत्र फीडर का तार चोरी होने के कारण वर्तमान में टैपिंग द्वारा ऊर्जाकृत है। अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग ललितपुर द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया कि वर्तमान में दावनी एवं जीरोन को स्वतन्त्र ऊर्जाकृत करने का कार्य प्रगति पर है। कुल 350 पोल के सापेक्ष 340 पोल अधिष्ठापित कर दिये गये है, 70 पोल पर तार खींचने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं शेष पोल पर तार खींचने का कार्य प्रगति पर है। उक्त कार्य 30 जून तक पूर्ण कर दिया जायेगा। तत्पश्चात् माह जुलाई में खजुरिया CWR को स्वतन्त्र ऊर्जाकृत करने का कार्य किया जायेगा।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि शेष रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें एवं अपनी योजनओं से सम्बन्धित सभी ग्रामों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।





(सत्य प्रकाश)
जिलाधिकारी ललितपुर।

## कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

पत्रांक- 1865/ W-15/ 195 दिनांक 25-06 -2026

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

01. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
02. अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे (ग्रामीण), ललितपुर।
03. जिला पंचायतराज अधिकारी ललितपुर।
04. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मडण्ल, ललितपुर।
05. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
06. अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान, ललितपुर।
07. टीम लीडर थीम पी0एम0सी0, ललितपुर।

08. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0, ललितपुर।
09. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राट्रक्चर प्रा0लि0 ललितपुर।
10. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा प्रा0लि0 ललितपुर।
11. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट्स लि0, (जेएमसी–जेडब्लूएल) ललितपुर।
12. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बृज इंजीनियरिंग वर्क बानको कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 ललितपुर।
13. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बानको कन्सट्रक्शन एण्ड गंगा इन्फ्राविल्ट प्रा0लि0 ललितपुर।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे (ग्रामीण), ललितपुर।